


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 16 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 30 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खवर...


### 8 साल के बच्चे को डसना कोबरा को पड़ गया महंगा, फिर हुआ कुछ ऐसा कि डॉक्टर भी हैरान-परेशान

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां जहरीले सांपों का जमावड़ा रहता है। ऐसे में यहां सर्पदंश की घटनाएं भी बड़ी संख्या में होती है। जिले के पंडरापाठ में भी सर्पदंश का एक मामला सामने आया। संर्पदंश का यह मामला अपने आप में हैरान कर देने वाला है। यहां एक कोबरा ने 8 साल के बच्चे को डस लिया। इससे बच्चे को इतना गुस्सा आया कि उसने कोबरा को पकड़ा और दातों से काट दिया। इससे कोबरा तो मर गया लेकिन कोबरा के डसने के बाद भी बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है। इस घटना से डॉक्टर भी हैरान व परेशान है।

मिली जानकारी के अनुसार बगीचा विकासखंड के पंडरापाठ में रहने वाला पहाड़ी कोरवा बच्चा दीपक राम अपनी दादी के घर पर खेल रहा था। इस दौरान एक कोबारा वहां खेल रहे दीपक के हाथ को डस लिया। इसके बाद गुस्से में दीपक ने भी सांप को पकड़कर उसे अपने दांतों से काट लिया। शोर सुनकर बच्चे की दादी वहां पहुंची और सांप को हाथ से छुड़ाया। सांप जमीन पर बेसुध गिर गया था। इसके बाद बच्चे को अस्पताल ले जाया गया जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बच्चा स्वस्थ्य हो गया लेकिन कोबरा मर गया।

अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने दीपक से पूछा कि उसने सांप को क्यों काटा तो उसने जवाब दिया कि मैं खेल रहा था तो सांप ने मुझे काटा तो मैने भी उसे काट लिया। बच्चे की बात सुनकर डॉक्टर भी हैरान रह गए। कोबरा के डसने के बाद भी बच्चे की नीडरता ने सबको अचंभित कर दिया। इधर इस घटना के बाद जिला चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि जिले में सर्पदंश के मामलों से निपटने के लिए जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराया गया है। यही वजह है कि कोबरा के डसने के बाद बच्चे को सही समय पर इलाज मिला और वह बच गया।

# खुश हैं सूर्य देव : छठ पर नासा ने जारी की सूरज की Smiling तस्वीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में छठ पर्व की धूम है और ऐसे समय में एक नासा द्वारा जारी सूरज की तस्वीर ट्विटर पर छाई हुई है। दरअसल नासा (NASA) ने सूरज की स्माइलिंग (Smiling) तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर के ट्विटर पर वायरल होने के बाद शानदार रिएक्शन मिल रहे हैं। नासा ने ऐसे समय पर यह तस्वीर जारी की है जो कि भारतीयों के लिए खास हो गया है। इस तस्वीर को देखने के बाद यूजर्स भी कह रहे हैं कि छठ पर सूर्य देव भी खुश हैं।

NASA ने जो तस्वीर साझा की है उसे इसी सप्ताह सैटेलाइट ने कैप्चर की है। इस तस्वीर में सूरज की आंखों की आकृति के साथ ही मुस्कुराहट भरा चेहरा साफ देखा जा सकता है। सूरज पर इस तरह का पैटर्न नजर आ रहा है, जिसे देखकर लग रहा है कि सूरज मुस्कुरा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने भी इस तस्वीर को साझा करते हुए इसे स्माइलिंग सन (Smiling Sun) यानी मुस्कुराता हुआ सूरज कहा है।

### ट्विटर पर जारी की तस्वीर

नासा ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर इस तस्वीर को साझा का कैप्शन लिखा है। ट्वीट में कहा कि आज, नासा के सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने सूरज को 'मुस्कुराते हुए' देखा। अल्ट्रावॉयलेट लाइट में देखे जाने पर, सूरज पर दिख रहे इन काले धब्बों को कोरोनल होल (Coronal holes) कहा जाता है। यह वे इलाके होते हैं जहां से तेज सौर हवाएं चलकर अंतरिक्ष में जाती हैं। नासा ने जैसे ही ये तस्वीर शेयर की, इसपर लोगों की बहुत शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। भारतीयों को छठ पर्व पर सूरज की ये तस्वीर और भी ज्यादा रोमांचित कर रही है क्योंकि सूर्य देवता प्रसन्न जो दिख रहे हैं।

### क्या है सूरज के मुस्कुराने की वजह

नासा ने सूरज के मुस्कुराने की वजह भी बताइ है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो इस मुस्कुराहट के पीछे एक चेतावनी छिपी हुई है। सूर्य के कोरोनल होल जिस तरह दिख रहे हैं, इसका मतलब है सूरज से उठा तूफान पृथ्वी से टकरा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि हंसता हुआ सूरज पृथ्वी की तरफसौर हवा की एक तिहाई धारा उगल रहा है। सूरज की सतह से द्रव्यमान और ऊर्जा के अलग-अलग तरह के उठने वाले विस्फोटों को सौर तूफान कहते हैं और यह पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करते हैं।

# एक ही मैच में दो बार 'जीता' बांग्लादेश, हाईवोल्टेज मुकाबले में जिम्बाब्वे ने गंवाया गोल्डन चांस



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप में रविवार (30 अक्तूबर) को एक और रोमांचक मैच खेला गया। ब्रिस्बेन में बांग्लादेश ने आखिरी गेंद तक चले मुकाबले में जिम्बाब्वे को तीन रन से हरा दिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन ही बना सकी। मैच के आखिरी गेंद पर जबरदस्त ड्रामा हुआ, जिसने सबकी सांसें रोक दीं।

दरअसल, जिम्बाब्वे को जीत के लिए आखिरी ओवर में 16 रन बनाने थे। उसने पांच गेंद पर 11 रन बना लिए थे। आखिरी गेंद पर पांच रनों की दरकार थी। मोसादेक हुसैन गेंदबाजी कर रहे थे। उनके सामने निचले क्रम के बल्लेबाज ब्लेसिंग मुजरबानी थे। मोसादेक की गेंद मुजरबानी नहीं खेल पाए। वह क्रीज छोड़कर आगे बढ़ चुके थे। विकेटकीपर नुरुल हसन ने उन्हें स्टंप कर दिया। दोनों टीमों को लगा कि मैच समाप्त हो चुका है और सभी खिलाड़ी डग आउट में चले गए। बांग्लादेश चार रनों से मैच जीत चुका था, लेकिन असली ड्रामा अभी बाकी था।

### बांग्लादेश के विकेटकीपर ने की गलती

दोनों टीमों के डगआउट में पहुंचने तक आखिरी गेंद को बार-बार चेक किया जा रहा था। थर्ड अंपायर यह देख रहे थे कि मुजरबानी आउट हैं या नहीं। इतने में यह दिख गया कि विकेटकीपर नुरुल हसन ने स्टंप के आगे से गेंद को पकड़कर मुजरबानी को आउट किया है। थर्ड अंपायर ने बड़ी स्क्रीन पर अपना फैसला दिखाया। मुजरबानी को नॉटआउट बताया। इतना ही नहीं नुरुल की गलती के कारण गेंद को नो बॉल करार दिया। जिम्बाब्वे के खाते में एक रन जुड़ गए और उसे एक गेंद भी मिल गया। नो-बॉल होने के कारण जिम्बाब्वे को फ्री-हिट भी मिली।

### मुजरबानी नहीं दिला सके जीत

अंपायर का फैसला आने के बाद दोनों टीमों को फिर से मैदान में आना पड़ा। शाकिब ने एक बार फिर से फील्ड सजाई। अब जिम्बाब्वे को जीत के लिए आखिरी गेंद पर चार रन बनाने थे। मुजरबानी अगर तीन रन भी ले लेते तो मुकाबला सुपर ओवर में पहुंच जाता। मोसादेक के ऊपर बांग्लादेश को जीत दिलाने की जिम्मेवारी थी। उनकी सीधी गेंद को मुजरबानी नहीं खेल सके और बांग्लादेश तीन रन से मैच को जीत गया। इस तरह जिम्बाब्वे ने लगातार दूसरे मैच में जीत का गोल्डन चांस गंवा दिया।



## संपादकीय

### कांग्रेस में अध्यक्ष

कांग्रेस में अध्यक्ष के लिए अंततः चुनाव सम् हो गया । सोनिया गांधी परिवार के वारिस राहुल गांधी काफी लम्बे अरसे से कह रहे थे कि पार्टी को युवा लोगों की जरूरत है, तभी पार्टी में नए रक्त व ऊर्जा का संचार होगा। कई हल्कों में यह प्रश्न भी उठने लगा था कि क्या राहुल गांधी स्वयं को युवा नहीं मानते ? आखिर क्या कारण है कि वे पार्टी में युवाओं की महत्ता को स्वीकार भी कर रहे हैं और स्वयं जिम्मेदारी संभालने को तैयार भी नहीं हैं । तब यह खुलासा हुआ था कि सोनिया परिवार ने निर्णय किया है कि इस बार परिवार के बाहर के किसी व्यक्ति को भी मौका देना चाहिए । लेकिन इसका भी एक सरल और पार्टी में पुराने समय से प्रचलित तरीका था ही। सोनिया गांधी किसी भी बाहरी व्यक्ति को पार्टी का अध्यक्ष मनोनीत कर सकती थीं। लेकिन देश में बहुत समय से चर्चा चल रही थी कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र गायब है। इसलिए इस मौके पर पार्टी के भीतर छिपे हुए आंतरिक लोकतंत्र का भी प्रदर्शन किया जा सकता था। कांग्रेस को पुर्नजीवित करने की इच्छा से यदि ये सारे उपक्रम किये जाते तो इसमें कोई बुराई नहीं थी। कम से कम कांग्रेस को स्वयं को मूल्यांकित करने और आम भारतीय जन की आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को ढालने का एक अवसर अवश्य मिल जाता। लेकिन सोनिया परिवार की मंशा सांप भी मर जाये और लाठी भी न टूटे वाली थी। परिवार चाहता था कि पार्टी का नियंत्रण भी उनके हाथ में रहे और अध्यक्ष के चुनाव इत्यादि की सामाजिक-राजनीतिक रस्म भी पूरी हो जाये । इसलिए किसी ऐसे यजमान की तलाश हुई जो ये सारी रस्में बखूबी निभाता रहे लेकिन पुरोहित के नियंत्रण से बाहर भी न जाये। सोनिया परिवार को लगा कि राजस्थान के अशोक गहलोत इन सभी मापदण्डों पर पूरे उतरते हैं। इसलिए उन्हें अध्यक्ष बना कर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की स्क्रिप्ट लिखी गई। लेकिन इस पूरी रणनीति में एक कमी रह गई। सोनिया गांधी परिवार शायद यह अनुभव नहीं कर पाया कि अब स्वयं परिवार के राजनीतिक रुतबे का पार्टी के भीतर ही अवमूल्यन हो चुका है। सोनिया परिवार के बाहर के व्यक्ति के लिए कांग्रेस अध्यक्ष का पद उतना आकर्षक नहीं है। क्योंकि न तो सोनिया परिवार के नाम से सत्ता प्राप्ति की आशा बंधती है और न ही नये कांग्रेस अध्यक्ष को यह परिवार सचमुच संगठनात्मक सत्ता हस्तांतरित करेगा, इसकी आशा की जा सकती है। इसलिए अशोक गहलोत तो कन्नी काट ग्रे। उनका कहना था कि यदि उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ-साथ अध्यक्ष भी बना दिया जाता है तो वे पूरी ईमानदारी से परिवार के हितों को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पद की सभी रस्में निभाते रहेंगे। अब जब अशोक गहलोत की स्वामिभक्ति ही संदिग्ध दिखाई देने लगी थी तो उस पर दांव खेलना परिवार के लिए ख़तरे से खाली नहीं था। जब सोनिया परिवार को घर से बाहर के राजनीतिक यथार्थ का ज्ञान हो गया तो उसने युवा की जरूरत, पार्टी में युवा चेतना व ऊर्जा की जरूरत इत्यादि राजनीतिक जुमलेबाजी को त्याग कर कर्नाटक के अस्सी वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे को ही अध्यक्ष बनाने का निर्णय कर लिया। अब साफ-साफ यह भी कहा जाने लगा कि पार्टी में सर्वसम्मति से ही चुनाव की परम्परा है।

> “ सोनिया गांधी परिवार शायद यह अनुभव नहीं कर पाया कि अब स्वयं परिवार के राजनीतिक रुतबे का पार्टी के भीतर ही अवमूल्यन हो चुका है। सोनिया परिवार के बाहर के व्यक्ति के लिए कांग्रेस अध्यक्ष का पद उतना आकर्षक नहीं है। क्योंकि न तो सोनिया परिवार के नाम से सत्ता प्राप्ति की आशा बंधती है और न ही नये कांग्रेस अध्यक्ष को यह परिवार सचमुच संगठनात्मक सत्ता हस्तांतरित करेगा, इसकी आशा की जा सकती है।

## पात्रा और लालपुरा क्या इस्तीफा देंगे ?

आम आदमी पार्टी ने कई नेताओं के संवैधानिक या वैधानिक पदों पर रहने के बावजूद भाजपा के लिए काम करने का मुद्दा उठाया है। असल में पहले भाजपा ने यह मुद्दा उठाया कि जास्मिन शाह दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन यानी डीडीसी के उपाध्यक्ष हैं और साथ ही आम आदमी पार्टी के लिए भी काम करते हैं। इसके जवाब में आप ने संबित पात्रा और इकबाल सिंह लालपुरा का मुद्दा उठाया। ये दोनों वैधानिक पदों पर हैं और इसके बावजूद आधिकारिक रूप से भाजपा के लिए काम करते हैं। सो, सवाल है कि क्या भाजपा इनका इस्तीफा कराएगी? ये दोनों सरकारी पद छोड़ेंगे या पार्टी का पद?

आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया है कि जास्मिन शाम पार्टी में किसी भी आधिकारिक पद पर नहीं हैं। सो, उनके इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता है। दूसरी ओर संबित पात्रा इंडियन टूरिज्म डेवलपमेंट कमीशन यानी आईटीडीसी के चेयरमैन हैं और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। वे हर टेलीविजन चैनल पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता की हैसियत से बैठते हैं और पार्टी के लिए प्रेस कांफ्रेंस भी करते हैं। भाजपा की वेबसाइट पर राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की सूची में उनका नाम शामिल है। इसी तरह पूर्व आईपीएस अधिकारी इकबाल सिंह लालपुरा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हैं और पिछले दिनों उनको भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। आईटीडीसी के चेयरमैन और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के पद पर राजनेताओं की नियुक्ति होती रही है लेकिन यह पद अराजनीतिक होता है। इन पदों पर रहते हुए कोई व्यक्ति राजनीतिक दल के लिए काम नहीं कर सकता है।

> “ मेले का आकर्षण मोहरी बाजा की धुन पर सभी देव थिरकते हैं और गुड़ी के आस पास सभी नियमों को करते हुए चावल चढ़ाते हैं। इसके बाद सभी देव नदियों की ओर प्रस्थान करते हैं और एक साथ नदी में छलांग लगाते हैं। ये अभी आँगा किसी ना किसी पेड़ के बने होते होते हैं। चूंकि बस्तर के लोग प्राकृतिक पूजक होते हैं, इसलिए इनके देव भी इसी में बने होते हैं। कोई बांस,महुआ,शीशम या सागौन के बने होते हैं।

# अदृश्य शक्तियों को मानने और पूजने का अद्भुत दिवाड़ त्यौहार- हूंगा वेला मेला

रेणुका सिंह / देविका मरावी

आदिम जनजातियों और खूबसूरत प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक है बस्तर। यहां की आदिम संस्कृति पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करती है। सीधे-सरल लोग बस्तर की पहचान हैं। इन सबके अलावा यहां की परंपराएं और आदिम मान्यताएं वैश्विक स्तर पर एक अबूझ पहेली है। जिनमें से एक है बस्तर क्षेत्र में अदृश्य शक्तियों को मानने और उस पर आस्था रखने की मान्यता। बस्तर के दंतेवाड़ा जिला में स्थित माँ दंतेश्वरी का समृद्ध प्राचीन इतिहास है। आदिवासियों की आराध्या माता दंतेश्वरी मंदिर प्राचीन काल से ही आस्था का केंद्र रहा है लेकिन यहाँ के रहने वाले बस्तर के निवासी भिन्न-भिन्न लोक आस्थाओं को मानने के बावजूद अदृश्य शक्तियों पर विश्वास रखते हैं। भारत में प्रत्येक वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार दीवाली का त्यौहार मनाया जाता है, लेकिन बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के एक छोटे से गांव बिंजाम में ऐसा नहीं है। यहां के लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर लगने वाला हूँगा वेला मेला ही असली दिवाली है। जो कि अदृश्य शक्तियों को मानने का अनूठा पर्व है।

### कौन है हूंगा वेला ?

बस्तर के लगभग सभी क्षेत्रों में आँगा देव पूजनीय है इसी आधार पर इस क्षेत्र के प्रमुख देव उसेन डोकरा हैं। जो अपनी पत्नी कोयले डोकरी के साथ घोटपाल में रहते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि, उसेंन देव की दो शादियां हुई थी पहली पत्नी थूल डोकरी के साथ संबंध विच्छेद होने के बाद वह वर्तमान में अपनी दूसरी पत्नी के साथ घोटपाल में निवास करते हैं। इन दोनों से दो संतान हुई जो हूंगा और वेला के रूप में प्रसिद्ध हुए। इन्हें कोला के रूप में भी पहचान प्राप्त है।

### क्यों लगता है हूंगा वेला मेला ?

दरसल दिवाड़ के नाम से प्रचलित इसी त्यौहार को दीपावली कहते हैं। हर साल यह नवम्बर के महीने में मनाया जाता है। इस त्यौहार को दंतेवाड़ा जिले के गाँव बिंजाम और गदापाल में मनाया जाता है, जिसमें आस- पास के गांव से सभी आँगा देव शामिल होते हैं। इस मेले में हूँगा वेला देव प्रमुख होते हैं क्योंकि सभी देव इनके घर आते हैं, पंडेवार, फरसपाल, मसेनार, गोंडपाल आसपास के सभी गांवों से यहां देवों का जमावड़ा होता है। इस मेले में देवों के सभी रिश्तेदार भी शामिल होते हैं। जिनमें गढ़ बोमड़ा, बोमड़ा देव, जात वोमड़ा, कड़े लिंगा ये सभी मौजूद होते हैं।

### 'हूंगा वेला मेले की शुरुआत'

हूंगा और वेला देव उत्सव में शामिल होने आए सभी देवों का स्वागत करते हैं, दूसरे देवों को जगाते हैं, जिसके बाद सभी देव गुड़ी के सामने बैठ कर पूजा अर्चना करते हैं। इसमें विशेष वोदा का फल, गोटफल और देसी मुर्गी का अंडा चढ़ाया जाता है। फिर देव एक दूसरे से गले मिलते हैं। चूंकि ये सालों बाद मिलते हैं इसीलिए मोहरी बजाकर उत्सव मनाया जाता है। बस्तर में मोहरी बाजा का खास स्थान है, दरअसल बस्तर में मोहरी के



बिना कोई भी काम पूरा नहीं होता है। मेले का आकर्षण मोहरी बाजा की धुन पर सभी देव थिरकते हैं और गुड़ी के आस पास सभी नियमों को करते हुए चावल चढ़ाते हैं। इसके बाद सभी देव नदियों की ओर प्रस्थान करते हैं और एक साथ नदी में छलांग लगाते हैं। ये अभी आँगा किसी ना किसी पेड़ के बने होते होते हैं। चूंकि बस्तर के लोग प्राकृतिक पूजक होते हैं, इसलिए इनके देव भी इसी में बने होते हैं। कोई बांस,महुआ,शीशम या सागौन के बने होते हैं। ये सभी नदी में डूबकर स्नान करते हैं। स्नान के बाद जब ये वापस लौटते हैं तो इस मेले में आए हुए बस्तरवासी आँगा से निकलते हुए पानी को पत्ते से बने हुए दोनी में जमा करते है। ऐसा माना जाता है कि आंगा के स्नान के बाद का पानी के पीकर लोगों की शारीरिक व्याधियां दूर हो जाती है। जैसे-जिन्हें कम सुनाई देता है उनके कान पर यह पानी डालने से वे ठीक हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार पानी को आशीर्वाद के रूप में सभी आँगा देव के शरीर से निकलने के बाद जमा किया जाता है और उपयोग में लाया जाता है।

स्नान के बाद सभी आंगा देव एक खुले मैदान में एकत्रित होते हैं जहाँ इस मेले का सबसे विशेष और ख़ास दृश्य देखने को मिलता है। यहां दूर दूर से जमा हुए लोग एक गोलाकार आकृति में जमा होते हैं और बीच में शादीशुदा जोड़े देवों के आशीर्वाद के लिए ज़मीन पर लेटकर उनकी प्रतीक्षा करते हैं।

### मान्यता है हूँगा वेला से बच्चे की कामना पूरी करने दूर-दूर से आते हैं विवाहित जोड़े


लेकामी परिवार के हूंगा वेला दोनों भाई हैं। ये गांव बिंजाम के देवगुड़ी में रहते है और इनके साथ वेला के बेटे बोमड़ा देव भी रहते है। इस मेले में एक पुरानी परम्परा देखने को मिलती है कि इस मेले में प्रत्येक वर्ष कई ऐसे विवाहित जोड़े शामिल होते हैं जिन्हें कई सालों से संतान की प्राप्ति नहीं हुई है। यह मान्यता है, कि इनके आशीर्वाद से निःसंतान दम्पत्तियों को संतान की प्राप्ति होती है। इस वर्ष 21 जोड़े हूँगा वेला देव से आशीर्वाद लेने पहुँचे थे। सभी जोड़े खुले मैदान पर उल्टा ज़मीन पर लेटते हैं और हूँगा वेला के समक्ष बिंजाम के स्थानीय दो से तीन सिरहा समस्याओं को रखते हैं उन्हें स्थानीय बोली गोंडी में देव का आह्वान करना कहते हैं। अगर जोड़े को देवों ने आशीर्वाद दे दिया तो निश्चय ही उन्हें बच्चे की प्राप्ति होती है। मेले में ऐसे भी जोड़े मौजूद थे। जो हूँगा वेला देव को संतान प्राप्ति के बाद शुक्रिया अदा करने आए थे। इस मेले में हूँगा वेला देव सभी को आशीर्वाद देंगे या मिलेंगे यह ज़रूरी नहीं होता। कभी कभी कुछ जोड़ों को आशीर्वाद नहीं भी मिल पाता है। इसके पीछे का कारण पूछने पर यहाँ के प्रमुख गायता कहते हैं, कि जोड़ों में कुछ समस्या बाक़ी होती है, जिसके कारण उन्हें ये आशीर्वाद नहीं मिलता। दक्षिण बस्तर में देवों को आँगा और कोला के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस क्षेत्र के प्रमुख देव के रूप में उसेन डोकरा (आंगा) जो प्रमुख हैं, और यहां के लेकामी वंश के प्रमुख देवता हैं, जिनका विवाह सर्वप्रथम थुले डोकरी से हुआ और उनसे संबंध विच्छेद होने के उपरांत कोयले डोकरी से विवाह किया। इनसे दो संतान हुई जो हूंगा और वेला के रूप में प्रसिद्ध हुए। इन्हें कोला के रूप में भी पहचान प्राप्त है।हूंगा से गढ़ बोमड़ा पैदा हुए जो अपने दादा उसेन डोकरा के साथ घोटपाल में रहते हैं और वेला से आदुरूंगा, बोमड़ा, कड़े लिंगा व जात बोमड़ा पैदा हुए। जो आतरा और लेकामी वंश के देव बने और ये मसेनार, पंडेवार के प्रमुख देव बने। ये कोला देव अभी तक अविवाहित हैं।

# शिक्षा ने बदली पहाड़ी कोरवाओं की सोंच

जशपुर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पिछडी पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों की जीवन की दशा बदलने के लिए कई प्रयास किये जा रहे है जिससे समुदाय के लोग की अब आर्थिक और सामाजिक प्रगति की कर रहे है। निश्चित ही आने वाले समय में पहाड़ी कोरवा समाज के लिए एक मिसाल बनेंगे। जिस तरह से जिला प्रशासन पहाड़ी कोरवा जनजाति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि रोजगार, स्वरोजगार एवं अन्य क्षेत्रों में प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है उसमें आने वाले समय वे तेजी से दौड़ते हुए दिखेंगे।

पिछले दो साल में जिला खनिज न्यास निधि से 115 विशेष पिछडी पहाड़ी कोरवा जनजाति के शिक्षित युवक युवतियों को अतिथि शिक्षक की नौकरी दी गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में 36 को शिक्षक, तृतीय श्रेणी के पदों पर 23, चतुर्थ श्रेणी (नियमित) 33, चतुर्थ श्रेणी (कंटीजेंसी) 221 पदों पर भर्ती की गई है। अब तक पहाड़ी कोरवा समुदाय के कुल 428 शिक्षित युवक युवतियों को शासकीय नौकरी में नियुक्ति प्रदान कर उनके जीवन में खुशियों का नया रंग भर दिया गया है।

जिला प्रशासन की सोंच है कि विशेष पिछडी पहाड़ी कोरवा जनजाति के बदलाव और उनके उत्थान का एकमात्र रास्ता शिक्षा है जिसके माध्यम से वे विकास के अनेक सोपान तय कर सकते है इसके लिए आदिम जाति विकास विभाग द्वारा उनके लिए छात्रावास आश्रम की स्थापना की गई है। जिसमें वर्तमान में कुल 850 बालक बालिका है। पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों के लिए पृथक



से पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय रूपसेरा में स्थापित है जहां कक्षा 1ली से 10 तक प्रत्येक कक्षा में 10 बालक और 10 बालिकाओं के लिए सीट स्वीकृत है जिसमें 200 सीटें स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त भी कई अन्य स्कूलों में पहाड़ी कोरवा बच्चे अध्ययनरत है। पहाड़ी कोरवा बालिकाओं के लिए तीन कन्या एवं एक बालक आश्रम को आदर्श आश्रम के रूप में विकसित किया गया है। जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कुल 71 बच्चे, प्रयास आवासीय में 2 बच्चे अध्ययनरत है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महत्वकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा में वर्तमान में 12 बच्चे अध्ययन कर रहे है। जो यह प्रदर्शित कर रहा है कि जिला प्रशासन के द्वारा पहाड़ी कोरवा समुदाय के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में किये जा रहे प्रयास अब सफल हो रहे हैं। अन्य शासकीय स्कूलों में वर्तमान में 1652 छात्र छात्राएं कक्षा 1से 12 तक अध्यनरत कर रहे है। अब तक 91 पहाड़ी कोरवा बसाहटो में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 2439 पहाड़ी कोरवा मरीजों को लाभान्वित करते हुए आवश्यकतानुसार औषधि वितरण किया गया है एवं उनमें बीमारियों के रोकथाम के लिए जागरूकता लाई जा रही है। विशेष पिछडी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया है जिसमें पूरक पोषण आहार में 4377, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में 856, अतिरिक्त पोष्टिक आहार से लाभान्वित 3168, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना 571, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 06 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

पहाड़ी कोरवाओं की जीविका का मुख्य आधार कृषि है,उन्हें उन्नत एवं आधुनिक खेती की दिशा में वे धीरे से आगे बढ़ें। इसके लिए जिला प्रशासन पहाड़ी कोरवाओं को आधुनिक कृषि के लिए प्रशिक्षित एवं जागरूक कर रहा है जशपुर जिले के इस जनजातीय समुदाय के लिए डबरी निर्माण, भूमि सुधार, कुंआ निर्माण, जैसे कार्य किये जा रहे है। सौर सूजला योजनातर्गत पहाड़ी कोरवाओं को 44 सोलर पम्प उपलब्ध कराये गए है। साथ ही सब्जी एवं मसाला मिनी किट,स्प्रिंकलर सेट भी प्रदान किया गया है। जिसके माध्यम से उन्होंने उन्नत कृषि से अपनी आय में बढ़ोतरी भी की है। वर्तमान में उन्हें चाय कॉफी की खेती की दिशा में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्यों को 697 व्यक्तियों को 535.708 हेक्टेयर व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 421 को 10747.216 हेक्टेयर वन अधिकार पत्र एवं 48 को 20164.577 हेक्टेयर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र भी वितरित किया गया है।

पहाड़ी कोरवाओं जनजातीय परिवार के युवाओं को आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास जिला प्रशासन के द्वारा किया गया है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया रात्रि में शहर का औचक निरीक्षण

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर भिलाई निगम ने की बड़ी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**एक ऑटो पानी पाउच जब्त, 29 दुकानों पर छापामार कार्रवाई कर वसूला 40500 रूपये जुर्माना, गंदगी पसारने वालों पर भी हुई कार्रवाई**

भिलाई । निगम आयुक्त रोहित व्यास ने रात्रि में अचानक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया इस दौरान गंदगी फैलाने वाले तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालो से जुर्माना वसूल किया गया। आयुक्त ने गदा चौक सुपेला के आसपास का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी तथा शराब दुकान के आसपास गंदगी पसारने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मौके पर ही गंदगी फैलाने वालों तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय करने वालो पर जुर्माना लगाया गया। आयुक्त के



निरीक्षण के समय अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा मौजूद रहे। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर बैन होने के बाद से भिलाई निगम लगातार इस पर कार्रवाई के लिए अभियान चला रहा है और जब्ती के साथ ही जुर्माना वसूली की भी कार्रवाई कर रहा है। कार्रवाई करने के लिए निगम की टीम का भी गठन किया है, जो प्रात: और रात्रि दोनो ही समय कार्रवाई के लिए निकल रहे है। दुकानों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों सभी जगहो का निरीक्षण किया जा रहा है और जहां भी प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मिल रहे है, इसे जब्त करते हुए जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। गठित टीम ने वैशालीनगर क्षेत्र के कई दुकानों का निरीक्षण किया, जिसमे से 29 दुकान ऐसे थे जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय एवं उपयोग किया जा रहा था। इन सभी दुकानों से प्रतिबंधित व सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करते हुए 40500 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई और प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय एवं उपयोग नहीं करने हिदायत दी गई। वार्ड क्रं. 19 राजीव नगर में एक ऑटो के माध्यम से पानी पाउच की सप्लाई की जा रही थी इसकी सूचना निगम को मिली और टीम बिना देरी किये मौके पर पहुँचकर पुरे आटो में रखे हुए पानी पाउच की जब्ती बनाई। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने शहर वासियों से प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की है। इस तारतम्य में शहर से प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक गायब हो गया है, परन्तु जो चोरी छिपे इसका विक्रय एवं उपयोग कर रहे है, उन पर निगम प्रशासन लगाम लगाने कार्रवाई कर रहा है।

मुंगेली जिले की सभी सड़के होंगी दुरुस्त

# 52 सड़कों के नवीनीकरण व दुरूस्तीकरण के लिए 35 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार मुंगेली जिले में नवीन सड़कों का निर्माण और जर्जर सड़कों का मरम्मत कार्य जोरों से चल रहा है। कलेक्टर राहुल देव स्वयं सड़कों के दुरुस्तीकरण के लिए फील्ड पर उतरकर मुआयना कर रहे हैं। वहीं सड़कों के निर्माण, सुधार और मरम्मत हेतु समिति भी गठित की गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी सड़कों का दुरूस्तीकरण किया जाएगा। इस हेतु कार्ययोजना बनाया जा रहा है, जिसके लिए जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में 52 सड़कों के नवीनीकरण व दुरूस्तीकरण के लिए शासन द्वारा 35 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। वहीं लोरमी-कोदवामंहत सड़क मार्ग के लिए 06 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर देव ने पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के साथ आज लोरमी विकासखंड अंतर्गत लोक निर्माण



विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और एडीबी द्वारा किए जा रहे नवीन सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा मुंगेली-लोरमी सड़कमार्ग के मरम्मत कार्य, पीएमजीएसवाई द्वारा निर्माणाधीन लोरमी-कोदवामहंत सड़क मार्ग और एडीबी द्वारा निर्माणाधीन लोरमी-जरहागांव सड़कमार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जायेगा। कलेक्टर ने निर्माण और मरम्मत कार्य को उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोरमी-जरहागांव सड़क मार्ग में भू-अधिग्रहण के प्रकरणों की भी जानकारी ली और मौके पर ग्राम विचारपुर में किसान लक्ष्मण प्रसाद के सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का माप भी करवाया। उल्लेखनीय है कि लोरमी-जरहागांव सड़क मार्ग के लिए 93.53 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## खास खबर

### स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय दल ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** सिकल सेल पर नियंत्रण को लेकर प्रदेश स्तर पर व्यापक कार्यक्रम चल रहे हैं। आज इसी परिप्रेक्ष्य में डॉ. खेमराज सोनवानी, अतिरिक्त परियोजना संचालक सह उप संचालक, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, सिकल सेल प्रबंधन द्वारा ज़िला दुर्ग में संचालित कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में सुपेला अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति केंद्र, ब्लड स्टोरेज सेंटर, एसटीई-आरटीई सेंटर, एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सेंटर के अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये । उक्त कार्यक्रम के साथ साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कर कमलों से शुरू होने वाली सिकल सेल प्रबंधन तहत ज़िला अस्पताल में सिकल सेल प्रबंधन सेल का भी निरीक्षण किया गया । उक्त दल द्वारा सुपेला अस्पताल, ज़िला अस्पताल का भ्रमण किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ वाय के शर्मा, ज़िला नोडल अधिकारी डॉ दानी, उप संचालक मो. हाशिम ख़ान, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ नीतू के साथ उक्त भ्रमण किया गया एवं कार्यक्रम की समीक्षा की गई , जिसने मुख्य रूप से एचआईवी-टीबी लिंकेज पर ज़ोर देने एवं सुपेला अस्पताल में सुधारात्मक कार्य हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

### दिव्यांगजनों के कृत्रिम हाथ लगाने का शिविर 18 दिसंबर को

**दुर्ग।** जिले के दिव्यांगजनों हेतु जैनत्व महिला मंडल द्वारा अमेरिका में बने कृत्रिम हाथ शिविर का आयोजन जैन दादाबाड़ी मालवीय नगर दुर्ग में 18 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे तक निशुल्क आयोजित किया जा रहा है। इसके रजिस्ट्रेशन हेतु मोबाइल नंबर 9993067333, 9329028500, 9826132795 में संपर्क कर सकते हैं।

# निगम-मंडल-आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री बघेल से की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में विभिन्न निगम, मंडल और आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुए पदेन दायित्वों के कुशलतापूर्वक निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य कुलदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की सदस्य श्रीमती साक्षी सिरमौर, रायपुर विकास प्राधिकरण की सदस्य श्रीमती चन्द्रवती साहू, छत्तीसगढ़ जीव जंतु आयोग के उपाध्यक्ष आलोक चन्द्राकर, सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी, रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजिया, लौह शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा व सदस्य गोविंद विश्वकर्मा, तेलघानी बोर्ड के नवनियुक्त सदस्यगण, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य कृष्णा दुबे, केश शिल्पी बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री चित्रकान्त श्रीवास व सदस्य शीत श्रीवास सहित अनेक निगम, मण्डल और आयोगों के नवनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री को विनोद तिवारी ने छत्तीसगढ़ महतारी का एलईडी पोट्रेट किया भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सदस्य श्री विनोद तिवारी ने सौजन्य मुलाकात की। श्री तिवारी ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए उनका आभार जताते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ महतारी का एलईडी पोट्रेट भेंट किया। मुख्यमंत्री से इस दौरान श्री तिवारी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के जन-जन में छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान जागा है। प्रदेश के सभी कार्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख तीज-त्योहारों में अवकाश दिया जा रहा है। हमारे प्रदेश के गेड़ी, भौंरा, पिट्ठुल जैसे पारम्परिक खेलों को छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन से एक नई गरिमा मिली है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का प्रयास रंग ला रहा है। अपनी माटी से जुड़ी पहचान के प्रति आज पूरा छत्तीसगढ़ सजग है। मुख्यमंत्री ने आकर्षक एलईडी पोट्रेट भेंट करने पर श्री विनोद तिवारी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री बिज्जू बंजारे, श्री अपराजित तिवारी, श्री विकास तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# केंद्रीय संसदीय मंत्री ने ज्योत्सना महंत को किया नामांकित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राष्ट्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य की नियुक्ति**

कोरबा। भारत सरकार के केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत को केंद्रीय रेल मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का बतौर सदस्य नामांकित किया है। इस आशय की सूचना अवर सचिव अनिल कुमार ने सांसद को देते हुए रेल मंत्रालय से संबंधित समस्याओं और सुझाव पर ध्यानाकृष्ट करने का आग्रह किया है।



भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के अवर सचिव अनिल कुमार ने जारी पत्र में कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत को सूचित करते हुए कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी के द्वारा आपको राष्ट्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य नामांकित किया गया है। मा. मंत्री ने विश्वास जताया है कि आप अपना समय निर्धारित कर सकेंगे व रेल मंत्रालय से भी अनुरोध किया गया है कि वह समिति पर आपके नामांकन के संबंध में औपचारिक अधिसूचना संकल्प जारी कर इस समिति के गठन कार्यों तथा कार्यक्रम सहित आवश्यक सूचनाएं आपको प्रेषित करेंगे।

**रेल विभाग से खासे परेशान हैं नागरिक : ज्योत्सना महंत**

रेल मंत्रालय अंतर्गत राष्ट्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सदस्य के रूप में नामांकित होने के उपरांत कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्रांतर्गत कोरबा और कोरिया, मनेंद्रगढ़, बैकुंठपुर सहित क्षेत्र के रेल यात्री लंबे समय से रेल विभाग से खासे नाराज हैं। यात्री सुविधा के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। वहीं इन दिनों ट्रेनों की लेटलतीफी और यात्री ट्रेनों के कैंसल होने के कारण और भी ज्यादा परेशान हैं। सांसद ने कहा कि आने वाले दिनों में समिति की होने वाली बैठक में इन सभी मुद्दों पर प्रमुखता से बात रखी जाएगी।

# आस्था से बढ़ता मनोबल और सफल होते काज

श्रीकंचनपथ न्यूज




आस्था और विश्वास में इतनी ताकत होती है कि कभी-कभी असंभव भी संभव हो जाता है. दीपावली के बाद के प्रथम शुक्रवार को धमतरी जिले के मां अंगारमोती मंदिर में मंडई मेले का आयोजन किया गया. 1972 में मंदिर की स्थापना के बाद से ही यह परम्परा चली आ रही है. मंडई में गंगरेल बांध के डुबान क्षेत्र के 52 गांवों के देवता पहुंचते हैं. इसके साथ ही पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु. मान्यता है कि इस दिन बैगा पर माता की सवारी होती है. संतान की कामना के साथ महिलाएं उपवास रखती हैं और फिर नारियल लेकर मंदिर के आगे पेट के बल लेट जाती हैं. इस साल 300 से अधिक महिलाओं ने इसमें हिस्सा लिया. एक दूसरे से सटकर लेटी ये महिलाएं प्रवेश द्वार से माता के दरबार तक एक गलीचे की तरह बिछ जाती हैं. माता की सवारी आने के बाद बैगा इनकी देह पर से होकर गुजरता है. जिसके भी शरीर पर उसका पूरा पैर पड़ता है, मान्यता है कि उसकी कोख हरी हो जाती है. संतान की कामना को लेकर देश के भिन्न-भिन्न भागों में अलग-अलग मान्यताएं हैं. कहीं मंदिर में घंटा बांधने का रिवाज है तो कहीं लाल कपड़े में बांधकर नारियल को लटका दिया जाता है. कहीं धागा बांधा जाता है तो कहीं कंकड़ बांधे जाते हैं. पूर्ण आस्था के साथ ऐसा करने वालों को वांछित फल मिल भी जाता है. दरअसल, तनाव का हमारे शरीर पर गहरा असर पड़ता है. शरीर का सारा संतुलन गड़बड़ा जाता है. दिल-दिमाग का तो सभी को पता है पर पाचन तंत्र से लेकर प्रजनन तंत्र तक पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है. अकसर देखा गया है कि संतान के लिए सुबह-शाम चिंता में डूबे रहने वाले, चारों तरफहाथ पैर मारने वालों को गर्भधारण करने में बड़ी परेशानी होती है. जैसे जैसे समय बीतता जाता है, यह उतावलापन भी बढ़ता जाता है. कुछ परिवार निराश होकर बच्चा गोद ले लेते हैं. इसके बाद तनाव खत्म और फिर अपनी गोद भी हरी हो जाती है. ऐसे असंख्य परिवार देखने को मिल जाएंगे जिनके यहां बच्चा गोद लेने के बाद अपना बच्चा भी हो गया. यह पूरा खेल तनाव से किसी मंदिर में, किसी बैगा में, किसी टोटके में गहरी आस्था होने का भी लगभग यही असर होता है. चिंता कुछ कम होती है, हार्मोन्स का संतुलन ठीक हो जाता है, शरीर अपनी स्वाभाविक गतिविधियों को ठीक कर लेता है और अकसर वह हो जाता है जिसके लिए माथा-फोड़ी कर रहे थे. कुछ ऐसा ही प्रभाव तब भी पड़ता है जब हम किसी नामचीन डाक्टर को दिखाते हैं, किसी गुरूश्रेष्ठ का आशीर्वाद प्राप्त कर लेते हैं. सनातन में आस्था को सबसे बड़ी शक्ति माना गया है. माता-पिता और ईश्वर इसी आस्था के प्रतीक हैं. जब तक हमारे साथ हैं, कोई भी संकट बड़ा नहीं होता. सूर्यषष्ठी पर्व की सभी आस्थावानों को शुभकामनाएं.

## अशोक पंजवानी बने सिंधी अकादमी बोर्ड के सदस्य

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन के विभिन्न आयोग एवं मण्डलों में पदाधिकारियों और सदस्यों की आज नियुक्ति कर दी है। इसी क्रम में शहर के इंदिरा नगर-झूलेलाल वार्ड के पूर्व पार्षद और दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के 3 बार अध्यक्ष व शहर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक पंजवानी को राज्य सरकार द्वारा सिंधी अकादमी बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। राज्य सरकार द्वारा आज जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार सिंधी अकादमी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर रायपुर जिले के राम गिडलानी, सदस्य पद पर राजनांदगांव के अशोक पंजवानी, डोंगरगांव के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुरली पंजवानी को नियुक्त किया गया है।



BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### धर्म रूढ़ि नहीं यह अलौकिक ज्ञान हैः आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर ( ए )।** दिगंबर जैन संत आचार्य विशुद्ध सागर ने कहा कि धर्म रूढ़ि नहीं है बल्कि यह बहुत बड़ा अलौकिक ज्ञान है। आचार्य विशुद्ध सागर ने यह बातें 29 अक्टूबर 2022 को फाफाडीह स्थित जैन मंदिर परिसर में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में धर्म के बारे में लोगों की आम धारणा है कि यह रूढि है। मैं दावे के साथ कहता हूं कि धर्म रूढि नहीं बल्कि बहुत बड़ा ज्ञान है। विज्ञान भी धर्म से ही संचालित होता है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए बताया कि क्या न्यूटन और आइंस्टीन द्वारा प्रदान किए सिद्धांत से पहले इस धरती पर वह क्रियाएं नहीं होती थी जो उन्होंने बताया है। आचार्य विशुद्ध सागर ने कहा कि धर्म त्रय कालिक है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासा को शांत किया। आचार्य विशुद्ध सागर ने बताया कि डाकू बन जाना आसान है पर कोई साधु नहीं बन सकता। साधु बनने के लिए बौद्धिक विकास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के विकास के लिए बौद्धिक विकास की आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को बौद्धिक विकास की ओर आगे बढ़ना होगा।

#### जैनेश्वरी दिगंबर दीक्षा 6 नवंबर को

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा। यह आयोजन फाफाडीह स्थित सन्मति नगर के दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सत्संग सानिध्य में आयोजित होगा। 31 अक्टूबर को भगवान की माता की गर्भ कल्याणक क्रियाएं संपन्न होगी। 1 नवंबर को भगवान के जन्म कल्याणक की क्रियाएं संपन्न होगी। 2 नवंबर को तप कल्याण, 3 नवंबर को ज्ञान कल्याणक और 4 नवंबर को मोक्ष महापद को प्राप्त करने की क्रिया पूरी कराई जाएगी। 5 नवंबर को पिच्छीका परिवर्तन समारोह आयोजित किया जाएगा। 6 नवंबर को 22 साधुओं के मध्य 3 बाल ब्रह्मचारी भैयाजियों को दिगंबर दीक्षा प्रदान की जाएगी। यह जानकारी प्रदीप जैन पाटनी ने दी।

### रायपुर में छठ पूजा को लेकर नवविवाहिताओं से लेकर बुजुर्ग महिलाओं में छलकी आस्था

**रायपुर।** परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की कामना के लिए किए जाने वाले छठ महापर्व को लेकर महिलाओं में श्रद्धा-उल्लास का माहौल छाया है। कोई नवविवाहिता पहली बार और कोई बुजुर्ग महिला 50-60 साल से छठ पूजा कर रहीं हैं। कुछ महिलाएं ऐसी हैं जो बरसों पहले बिहार, झारखंड में निवास करतीं थीं और अब उनके परिवार के सदस्य राजधानी में ही छठ पूजा का पालन करते आ रहे हैं। गुढ़ियारी निवासी 80 वर्षीय रामपति देवी बतातीं हैं कि उनका परिवार पहले बिहार में रहता था। 1960 से वे छठ पर निर्जला व्रत कर रहीं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के दौरान उनके परिवार के सदस्य रायपुर आ गए। अब वे अपने बेटे-बहुओं के साथ महादेवघाट पर पूजा करने जातीं हैं।

# सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण होः सीएम भूपेश बघेल

### 'राज्य में अब तक एक हजार करोड़ की लागत से सड़कों का हुआ निर्माण कार्य'

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ली लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क मरम्मत के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। अब तक राज्य में 1 हजार करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अन्य सड़कों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैचवर्क वाली सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करें साथ ही खराब सड़कों की मरम्मत हेतु कलेक्टरों को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ रोड़ एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिसम्बर 2022 तक सड़क एवं पुल के 165 कार्य, मार्च 2023 तक 180 कार्य, जून 2023 तक 99 कार्य, जुलाई 2023 तक 39 कार्य समेत कुल 483 कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत कटघोरा-हरदीबाजार-बलौदा-अकलतरा मार्ग में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिला रायगढ़ अतंर्गत चंद्रपुर-डभरा-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा। जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत फगुरम से डभरा होते हुये चंद्रपुर मार्ग, जिला दुर्ग अंतर्गत दुर्ग अण्डा उतई पाटन अभनपुर मार्ग, दुर्ग के एसीसी चौक जामुल से नंदिनी अहिवारा मार्ग, जिला बालोद के आदमाबाद घोटिया डौंडी मार्ग, जिला जशपुर के बतौली-बगीचा-चरईडांड मार्ग, जिला सरगुजा के अंबिकापुर-दरिमा-नवानगर मार्ग, जिला बस्तर के जगदलपुर बायपास मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग, एडीबी परियोजना एवं बजट में सम्मिलित विभिन्न योजना के तहत निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़क और पुल के कार्य तेजी से पूर्ण कराये जा रहे हैं।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, डॉ एस भारतीदासन, वित्त विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, मुख्यमंत्री की उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया, सीजीआआईडीसीएल के प्रबंध संचालक सारांश मित्तर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिएः सीएम बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि धान बेचने वाले किसानों को समितियां और उपार्जन केन्द्रों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व में जिलों के प्रभारी सचिव और कलेक्टर मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर 1 नवम्बर को किसानों की बैठक ली जाए और किसानों से धान आवागमन की प्लानिंग समिति स्तर पर की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश के कारण धान कटाई पूरे तरीके से शुरू नही हुई है। किसानों को धान को सुखाकर लाने के लिए सेंसिटाईस करें, ताकि उन्हें धान बेचने में परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष खरीदे जाने वाले धान में नमी का प्रतिशत 17 प्रतिशत से कम होना चाहिए। इसका किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने धान की मिलिंग के लिए राईस मिलों के पंजीयन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, वित्त सचिव अलरमेलमंगई डी., मुख्यमंत्री के सचिव डी.डी. सिंह, खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा, मुख्यमंत्री के उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में किसानों के पंजीयन की स्थिति, बारदाना व्यवस्था, धान परिवहन की तैयारियों, संग्रह केन्द्रों में की गई तैयारियों और मिलों के पंजीयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि धान परिवहन की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। नवगठित सभी पांच जिलों में डीएमओ, सहायक लेखा अधिकारी व क्षेत्र सहायक की पदस्थापना की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय सीमाओं पर जांच चौकियां सक्रियता से काम करें।

#### पंजीकृत किसानों और धान के रकबे में बढ़ोतरी

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ वर्ष 2022-23 में एक लाख 29 हजार नये किसानों के एक लाख 9 हजार हेक्टेयर रकबे का नवीन पंजीयन किया गया है। इस प्रकार खरीफ वर्ष 2022-23 में धान खरीदी के लिए 25 लाख 23 हजार किसानों के 29.42 लाख हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया जा चुका है। गौरतलब है कि पिछले खरीफ वर्ष में धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या 24 लाख 5 हजार थी। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि धान खरीदी के लिए वर्तमान में लगभग 3 लाख 92 हजार गठान नये, पुराने बारदाने उपलब्ध हो चुके हैं। इसके अलावा नये बारदानों की प्राप्ति तथा पुराने बारदानों के संकलन एवं सत्यापन का कार्य सतत रूप से प्रक्रियाधीन है। राज्य स्तरीय समिति के निर्णय के अनुसार सभी जिलों में धान परिवहन हेतु परिवहनकर्ताओं से अनुबंध किया जा चुका है, साथ ही धान परिवहन हेतु अन्य आवश्यक तैयारियां भी पूर्ण की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मिलरों द्वारा समितियों से धान के अधिकतम उठाव को सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समितियों को धान खरीदी हेतु अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाए। बैठक में बताया गया कि विपणन संघ द्वारा धान खरीदी के संबंध में प्रदेश स्तर पर जिलों के सभी मास्टर ट्रेनर्स तथा मास्टर ट्रेनरों द्वारा धान खरीदी में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# विदेशी मेहमान छत्तीसगढ़ आने के लिए अपने देशों से हुए रवाना



### राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में बिखेंरेगे अपने नृत्य की छटा

### मेजबानी के लिए छत्तीसगढ़ पूरी तरह है तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए विदेशी राज्यों के मेहमान छत्तीसगढ़ आने के लिए अपने देशों से रवाना हो चुके हैं। ये विदेशी मेहमान अपने देशों के आदिम संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। 1 नवंबर से 3 नवंबर तक राजधानी रायपुर के साइंस कालेज ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों समेत मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार शामिल होंगे। नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में दो कैटेगिरी में प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए 05 लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 03 लाख रुपए और तृतीय स्थान के लिए 02 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। 01 नवंबर को सुबह नृत्य महोत्सव का शुभारंभ होगा और शाम को राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण दिया जाएगा। 03 नवंबर को नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल का समापन होगा। इस महोत्सव के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच उनकी कलाओं की साझेदारी होगी, बल्कि वे एक-दूसरे के खान-पान, रीति-रिवाज, शिल्प-शैली को भी देख-समझ सकेंगे। महोत्सव के दौरान संगोष्ठियां भी होंगी, जिनमें जनजातीय विकास के बारे में विमर्श होगा। जाने-माने विशेषज्ञ भी इसमें शामिल होंगे।

# रायपुर में सांस लेना अभी सुरक्षित नहीं, स्मार्ट टावर ने दी चेतावनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी इन दिनों दिवाली के पटाखों से प्रदूषित हो गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी भी उपकरणों से पॉल्यूशन के मानक का पता लगाते हैं। 23 अक्टूबर रविवार को स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए एयर क्वालिटी इंडेक्स में रायपुर स्टेशन की हवा 96, वीआईपी रोड की हवा 52, पंडरी बस स्टैंड की हवा 76, आंबेडकर अस्पताल के पास हवा 137, नालंदा परिसर की हवा 187, अनुपम नगर गार्डन की हवा 73, शहीद स्मारक के पास की हवा 141, अशोका टावर के पास की हवा 121, तेलीबांधा मरीन ड्राइव की हवा 89, इंडोर स्टेडियम की हवा 113, पचपेड़ी नाका की हवा 119, खमतराई की हवा 210 और विधानसभा की हवा 171 एक्यूआई दर्ज हुई थी।

24 अक्टूबर को हवा में पॉल्यूशन की क्षमता रायपुर स्टेशन की हवा 107, वीआईपी रोड की हवा 45, पंडरी बस स्टैंड की हवा 89, अंबेडकर अस्पताल के पास हवा 151, नालंदा परिसर की हवा 161, अनुपम नगर गार्डन की हवा 80, शहीद स्मारक के पास की हवा 192, अशोका टावर के पास की हवा 194, तेलीबांधा मरीन ड्राइव की हवा 124, इंडोर स्टेडियम की हवा 135, पचपेड़ी नाका की हवा 145, खमतराई की हवा 239 और विधानसभा की हवा 166 एक्यूआई दर्ज की गई है।

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए तैयारी पूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 नवंबर से शुरू होने जा रही है। सभी जिलों में धान खरीदी के लिए लगभग सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। जिला कलेक्टरों द्वारा धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए समीक्षा की जा रही है। धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए सभी जिलों में नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों से कहा है कि धान खरीदी में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।



धान खरीदी कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों ने बैठक लेकर धान खरीदी कार्य से जुड़े अधिकारियों से धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक इंतजाम, किसानों को धान का भुगतान, इंटरनेट की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता आदि की जानकारी ली और सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान के समर्थन मूल्य को प्रदर्शित करने के निर्देश दिया है। इस वर्ष मोटा धान 2040 रुपये प्रति क्विंटल और पतला/सरना धान का समर्थन मूल्य 2060 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

कलेक्टरों ने बैठक में नाप तौल के लिए पर्याप्त कांटा-बांट, सुतली, हमाल की उपलब्धता, चबूतरा, डैनेज की व्यवस्था की जानकारी ली और कहा कि बारिश आदि से धान को सुरक्षित रखने के लिए तारपोलिन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए। इसी प्रकार ढाई एकड़ तक के रकबा वाले किसानों को एक ही टोकन जारी किए जाएं। पांच एकड़ तक के किसान दो बार और पांच एकड़ से अधिक के रकबे वाले किसान को तीसरा टोकन जारी करने से पूर्व नोडल अधिकारी से परीक्षण किया जाए।

कलेक्टरों ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वास्तविक किसानों से की जानी है। धान खरीदी के लिए प्रति एकड़ 15 क्विंटल की मात्रा निर्धारित की गई है। सभी नोडल अधिकारी किसानों से निर्धारित रकबे के अनुसार ही धान खरीदी की जाए। किसी भी स्थिति में कोचियों एवं अवैध धान की खरीदी न हो। इसी प्रकार धान खरीदी केन्द्रों में अनाधिकृत एवं गैर जरूरी व्यक्तियों की उपस्थिति की रोकथाम हेतु धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों एवं हमालों के लिए परिचय पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए है।

पड़ोसी राज्यों एवं पड़ोसी जिलों से आने वाले धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अलग-अलग चेक पोस्ट तैयार किए गए है और अन्य मार्गों पर भी कड़ी निगरानी के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाई गई है।

# स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने सिकलसेल मैनेजमेंट सेल का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने आज दुर्ग जिले का दौरा कर वहां सिकलसेल और एड्स पर नियंत्रण के लिए हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अतिरिक्त परियोजना संचालक तथा सिकलसेल प्रबंधन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी के नेतृत्व में टीम ने सुपेला अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति केंद्र, ब्लड स्टोरेज सेंटर, एसटीई-आरटीई सेंटर और एचआईवी काउंसलिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने टेस्टिंग सेंटर के अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एचआईवी-टीबी लिंकेज पर ज़ोर देने और सुपेला अस्पताल में सुधारात्मक कार्यों के लिए निर्देशित किया।

टीम ने दुर्ग जिला अस्पताल में 30 अक्टूबर को शुरू हो रहे सिकलसेल प्रबंधन केन्द्र का भी निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय टीम के निरीक्षण के दौरान दुर्ग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. वाई.के. शर्मा, ज़िला नोडल अधिकारी डॉ. दानी, उप संचालक मोहम्मद हाशिम ख़ान और ब्लड-बैंक के प्रभारी डॉ. नीतू भी मौजूद थीं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# बालों से हेयरस्प्रे हटाने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

हेयरस्प्रे का इस्तेमाल बालों की स्टाइलिंग के दौरान किया जाता है ताकि यह बिगड़े नहीं। लेकिन बाद में अपने बालों से हेयरस्प्रे हटाना ना भूलें क्योंकि यह स्कैल्प के रोमछिद्रों में घुसकर खुजली और बालों के झड़ने जैसी कई समस्याओं का कारण बनता है। इसलिए हेयरस्प्रे को बालों से हटाना महत्वपूर्ण है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं जिन्हें अपनाने से आपके लिए यह काम आसान हो सकता है।



### डिश सोप का करें इस्तेमाल

अगर आपने कभी ध्यान दिया हो तो आपको यह जरूर पता होगा कि हेयरस्प्रे लगाने के बाद आपस में काफी उलझ जाते हैं और ऐसा हेयरस्प्रे के बिल्डअप से होता है। इसे हटाने के लिए आप डिश सोप का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि यह आसानी से हेयरस्प्रे बिल्डअप को हटा सकते हैं। माइल्ड डिश सोप को अपने बालों पर लगाकर कंघी से फैलाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें और फिर बालों को धो लें।

### बेकिंग सोडा आएगा काम

अकेले आपका नियमित शैंपू हेयरस्प्रे बिल्डअप को नहीं हटा सकता है इसलिए इसमें एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इस मिश्रण को अपने बालों पर लगाकर अच्छे से फैलाएं और इसे धोने से पहले थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। आप बेकिंग सोडा को सीधे गीले बालों और स्कैल्प पर भी लगा सकते हैं। फिर इसे शैंपू से धो भी सकते हैं।


### क्लैरिफाइंग शैंपू है प्रभावी

अगर आपको हर दिन हेयरस्प्रे का इस्तेमाल करना पड़ता है तो इसके बिल्डअप को हटाने के लिए एक क्लैरिफाइंग शैंपू सबसे अच्छा है। क्लैरिफाइंग शैंपू में उच्च मात्रा में एसएलएस (डिटर्जेंट) होता है जो आपके स्कैल्प से किसी भी तरह के बिल्डअप और गंदगी को आसानी से हटा सकता है। हालांकि इसे हर दिन इस्तेमाल करने से बचें।

### सेब का सिरका भी है कारगर

अगर सीमित मात्रा में सेब के सिरके का इस्तेमाल किया जाए तो यह न सिर्फ बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है बल्कि किसी भी उत्पाद के बिल्डअप को आसानी से हटाने में भी कारगर साबित हो सकता है। लाभ के लिए एक कप पानी में एक बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाएं। फिर इससे अपने बालों को गीला करें और थोड़ी देर बाद सिर को सामान्य शैंपू से साफ कर लें।

# भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक का गोल्डन अवतार ने लुटा फैंस का दिल



भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी अदाकारा नेहा मलिक अपनी खूबसूरती से हर किसी का दिल जीतने को बेताब रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज फैंस को खूब भाता है। वहीं, एक्ट्रेस का फेस्टिव लुक देखकर फैंस बेकरार नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस का गोल्डन आउटफिट में लुक कहर बरपा रहा है। उनकी हर अदाएगी पर फैंस मर मिटने को तैयार हैं।

फेस्टिव आउटफिट में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने गोल्डन लहंगा चोली पहन रखी हैं। इस लुक में नेहा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। माथे पर गोल्डन टीका और गले में हार एक्ट्रेस नेहा मलिक के लुक को चार चांद लगा रहा है। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस का ये मदमस्त अंदाज फैंस को काफी भा रहा है। एक्ट्रेस नेहा मलिक इस आउटफिट में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। जिसे देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। खूबसूरती के मामले में बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को टक्कर देती हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने ग्लैमरस अंदाज से बिजलियां गिराती रहती हैं। साथ ही वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक और खेसारी लाल का सॉन्ग तेरे मेरे दरमियान हाल ही में रिलीज हुआ। जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। फैंस उनकी एक-एक तस्वीर का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, नेहा मलिक अपने फैंस के दिलों की धड़कनों का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। नेहा मलिक ने साल 2016 में भोजपुरी फिल्म 'भनवानी का जल' से डेब्यू किया था। नेहा मूल रूप से पंजाब की रहने वाली हैं। लेकिन, भोजपुरी इंडस्ट्री में इनका अलग ही जलवा कायम है। नेहा मलिक की इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके इंस्टा अकाउंट पर 3.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# भेड़िया की ठुमकेश्वरी में थिरकती नजर आईं श्रद्धा कपूर



भेड़िये एक स्वर में गरज रहे हैं क्योंकि परम सुंदरी के बाद कृति सैनन अपनी आने वाली फिल्म भेड़िया के पहले गाने ठुमकेश्वरी पर थिरकने के लिए वापस आ गई है। फंकी डांस नंबर वरुण धवन और कृति सैनन को गणेश आचार्य की कोरियोग्राफी के लिए झूमते हुए देखता है। लेकिन, गाने का सबसे बड़ा टेकअवे श्रद्धा कपूर हैं, जो उत्साहित करने वाले नंबर पर थिरकती हैं। ट्रैक पर अपने विचार साझा करते हुए, वरुण धवन ने एक बयान में कहा, ठुमकेश्वरी एक ऐसा नंबर है जिसे डांस फ्लोर को जलाने के लिए बनाया गया है। मुझे इसकी फंकी धुन पर प्रदर्शन करने में बहुत मजा आया। गाने के बोल एक आकर्षक आनंद हैं, और मुझे यकीन है कि प्रशंसकों के लिए ट्रैक पर नाचते हुए गाला टाइम होने वाला है।

भेड़िया निर्माता दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी से संबंधित है और गाने में शामिल श्रद्धा दर्शकों को स्त्री के दिनों में वापस ले जाती है और गाने में उनकी इस उपस्थिति के पीछे दर्शकों की रुचि को चित्रित करती है और यदि वह फिल्म में एक कैमियो भी होगा। गाने पर काम करने के बारे में, कृति ने कहा, मेरे पास थुमकेश्वरी की शूटिंग पूरी तरह से थी। मैं बहुत लंबे समय के बाद वरुण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर रही थी और हमने कभी भी इस तरह के भव्य ट्रैक पर एक साथ काम नहीं किया। यह काफी अच्छा था।

सचिन-जिगर द्वारा रचित और अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखित, जिन्होंने परम सुंदरी के लिए गीत भी लिखे हैं, ठुमकेश्वरी ऐश किंग और रश्मीत कौर के साथ खुद संगीत निर्देशकों द्वारा गाया गया एक पेपी नंबर है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजन द्वारा प्रस्तुत, भेड़िया एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन है, जिसका निर्देशन अमर कौशिक ने किया है, जिसे दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म, जिसमें दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं, 25 नवंबर को हिंदी, तेलुगु और तमिल में 2डी और 3डी में अखिल भारतीय रिलीज होगी।

# आज मैंने एक वन्यजीव के रूप में एक साल पूरा किया हैः अभिनेत्री सदा

वन्यजीव फोटोग्राफी को बड़े पैमाने पर अपनाने वाली अभिनेत्री सदा ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने वन्यजीवन के रूप में एक साल पूरा कर लिया है। घोषणा करने के लिए इंस्टाग्राम पर निर्देशक शंकर की अन्नियां सहित कई ब्लॉकबस्टर में अभिनय करने वाली अभिनेत्री ने लिखा, आज, मैंने एक वन्यजीव के रूप में एक वर्ष पूरा किया है और यह उस तरह की सालगिरह है जिसे मैं अपने जीवन में मनाना चाहती हूं!



पिछले साल, इस दिन, मैंने एक यात्रा शुरू की थी, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा हमेशा के लिए प्यार बन जाएगा। अगर मैं पन्ना में एक फिल्म की शूटिंग नहीं कर रही होती, तो मुझे संदेह होता कि क्या मैं आज यह पोस्ट लिख रहा होती।

मैं दृढ़ता से मानती हूं कि यह होना ही था। मुझे इस खूबसूरत बेरोजगार दुनिया का अनुभव करना था जो मुझे किसी और चीज से परे समृद्ध करेगी! पन्ना के जंगल में एक आकस्मिक सफारी के रूप में जो शुरू हुआ, वह जल्द ही जंगलों और वन्य जीवन के लिए एक अमर जुनून में बदल गया।

नौ राष्ट्रीय उद्यानों/भंडारों और 52 बड़ी बिल्लियों की पंद्रह विषम यात्राएं, सभी एक वर्ष में! दूसरों पर निर्भर रहने से लेकर मेरे लिए जंगल में पलों को कैद करने तक, अब अपना खुद का गियर रखने तक, फोटोग्राफी की मूल बातें सीखने से लेकर अब सीखने तक छवियों को संसाधित करने की कला, मैंने एक लंबा सफर तय किया है और मैं इस अविश्वसनीय यात्रा से बहुत अधिक खुश हूं!

काश मैं इस दिन को मनाने के लिए भारत के जंगलों में से एक में होता, लेकिन मैं अगले दो महीनों में कुछ नए स्थानों की खोज करने के लिए इसकी भरपाई करने जा रही हूं। वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती जहां मेरी आत्मा को शांति मिले, जंगली।

# लारा दत्ता ने मेनोपॉज को लेकर रखे अपने विचार

अभिनेत्री लारा दत्ता, जिन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग शो हिचक्स एंड हुकअप्स में देखा गया था, का मानना है कि भारत में महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं, विशेष रूप से प्रजनन स्वास्थ्य तक उचित पहुंच नहीं है। मेनोपॉज एक महिला के दैनिक जीवन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है। फिर भी, इस विषय पर बातचीत सीमित है। अभिनेत्री ने हाल ही में मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।



अभिनेता ने एक बयान में कहा, मंच पर होना और डॉक्टरों के पैनल को सुनना मेरे लिए भी एक आंख खोलने वाला रहा है। मुझे यह तब भी पता है जब मैं संयुक्त राष्ट्र के लिए एक सद्भावना राजदूत थी - कि महिलाओं का स्वास्थ्य और कल्याण मुश्किल से ही होता है जिस तरह से चर्चा की जानी चाहिए। हमारे देश में, दुर्भाग्य से, अधिकांश महिलाओं के पास प्रजनन स्वास्थ्य तक उचित शारीरिक और चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच नहीं है। बाकी सब भूल जाओ। कार्यक्रम का आयोजन फार्मा कंपनी एबॉट ने किया था।

अभिनेत्री ने कहा, मेनोपॉज एक प्राथमिकता के रूप में वापस आ गया है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में शानदार है कि एबॉट जैसी बड़ी फार्मा कंपनियां आज ये पहल कर रही हैं और जानकारी को सुलभ बना रही हैं।

जैसा कि हमने आज चर्चा की यह अगले अध्याय के बारे में है। और लास्ट चैप्टर नहीं। कहानियां ही बातचीत को आगे बढ़ाती हैं, ऐसे विषयों पर शो और फिल्में निश्चित रूप से बनाई जानी चाहिए।

# मीठे में कुछ नया खाना है तो ट्राई करें ये पांच यूनिक चॉकलेट रेसिपी


जब भी बात चॉकलेट की आती है तो लोगों के मन में चॉकलेट केक, चॉकलेट मूस, चॉकलेट केक जैसे डेजर्ट्स का ही ख्याल आता है लेकिन इससे कई तरह की यूनिक व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। अगर आपके घर में बच्चों से लेकर बड़ो तक को चॉकलेट से बने तरह-तरह के व्यंजन खाना पसंद है तो इन पांच यूनिक रेसिपी को जरूर ट्राई करें। इन व्यंजनों को घर पर बनाना कुछ ही मिनटों का काम है।

### चॉकलेट पॉपकॉर्न

सबसे पहले एक पैन में लगभग चार बड़ी चम्मच मक्खन और आधा कप कॉर्न डालें। अब इसे ढक्कन को ढक दें और इन्हें फूटने दें। एक बार जब सारे कॉर्न पॉप हो जाएं तो इसमें लगभग तीन चौथाई कप कद्दूकस की हुई मिल्क चॉकलेट डालें। जब चॉकलेट अच्छे से पॉपकॉर्न में मिल जाएं तो इसे ढक दें। इसके बाद गरमागरम टॉकलेट पॉपकॉर्न को परोसें।

### चॉकलेट समोसा

सबसे पहले एक बर्तन में मैदा, घी, बड़ी इलाइची के दाने और पानी को मिलाकर आटा गूंथ लें। इसके बाद चॉकलेट पिघलाएं और उसमें अपने पसंदीदा नट्स भूनकर मिलाएं। फिर आटे को छोटी-छोटी लोइयों में बांट लें और बेलन से प्रत्येक को चपटा कर लें। अब इन्हें काटकर कोन शेप देकर इनमें चॉकलेट मिश्रण भरें और इनके किनारों बंद कर दें। फिर इन्हें डीप फ्राई करने के बाद परोसें।



### चॉकलेट रिसोट्टो

सबसे पहले एक पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें, फिर उसमें रिसोट्टो राइस डालें और दो मिनट तक भूनें। इसके बाद इसमें थोड़ा पानी डालकर इसे पकाएं। फिर इसमें थोड़ा वनिला एसेंस डालें और जब चावल पक जाएं तो इसमें दूध मिलाएं। अब इसमें थोड़ी चीनी और डार्क चॉकलेट मिलाएं। अंत में इसमें क्रीम और संतरे का छिलका मिलाकर इसे एक मिनट तक पकाएं। फिर इसे गरमागरम परोसें।

### चॉकलेट पुडिंग

इसके लिए पहले एक कटोरे में चीनी, कोकोआ पाउडर, कॉर्नस्टार्च और एक चुटकी नमक को डालकर मिलाएं, फिर मिश्रण में दूध डालकर फेंटें। अब इस मिश्रण को गरम करें और मध्यम आंच पर धीरे-धीरे हिलाते हुए उबालें और दो मिनट तक मिश्रण को गाढ़ा होने तक पकाएं। इसके बाद गैस बंद करके मिश्रण में वनिला एसेंस और मक्खन मिलाएं, फिर इस मिश्रण को छह घंटे के लिए फ्रिज में रखने के बाद खाएं।

### चॉकलेट फ्राइज

सबसे पहले फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज को सुनहरा होने तक डीप फ्राई करें। अब एक पैन में थोड़ा शहद गरम करें और इसमें फ्राइज को डालकर अच्छे से टॉस करें। आप चाहें तो इसमें अपने पसंदीदा सूखे मेवे भी डाल सकते हैं। इसके बाद इसे एक कटोरे में निकाल लें और फ्राइज पर थोड़ा सा चॉकलेट सॉस डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब इन यूनिक फ्राइज का सेवन करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# बच्चों की तकदीर गढ़ने वाला कुशल कारीगर है शिक्षक - मंत्री भेंडिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने कहा कि शिक्षक बच्चों की तकदीर गढ़ने वाला कुशल कारीगर है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने मेहनत, साधना एवं अपने कार्य के प्रतिबद्धता के बदौलत बच्चों को कुशल आकार दे सकता है।**



श्रीमती भेंडिया आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण विषय पर आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला ''मोर मयारू गुरूजी'' को संबोधित कर रही थी। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेज कुंवर नेताम, सदस्य श्रीमती पूजा खनुजा, श्रीमती आशा संतोष यादव, श्रीमती पुष्पा पाटले, अगस्टीन बर्नाड एवं सोनल कुमार गुप्ता सहित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रप्रभा सुधाकर, गणमान्य नागरिक पीयूष सोनी के अलावा बाल संरक्षण आयोग के सचिव प्रतीक खरे, एडीएम योगेन्द्र वास, डिप्टी कलेक्टर अमित वास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी व शिक्षक मौजूद थे।

श्रीमती भेंडिया ने कहा कि माता-पिता के बाद बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार देने का कार्य हमारे शिक्षकों की ही होती है। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों के कंधो पर देश के भावी भविष्य की निर्माण की महती जिम्मेदारी है। अतः बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना अत्यंत आवश्यक है। श्रीमती भेंडिया ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु निरंतर उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से बालोद जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु पूरे लगन से कार्य करने की अपील भी की। इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल अधिकार संरक्षण आयोग के कार्यों एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव प्रतीक खरे ने बच्चों के कुशल परवरिश के साथ-साथ शिक्षित एवं संस्कारी बनाने के विभिन्न प्रविधियों के संबंध में रोचक एवं प्रेरणास्पद जानकारियाँ दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर अमित वास्तव द्वारा किया गया।

## खास खबर

### जन्मदिन पर मनोहर दंपत्ति ने किया देहदान

**भिलाई।** स्मृति नगर,बी-505,सड़क-5 के सेवानिवृत बैंककर्मी एमएस मनोहर ने अपने जन्मदिन पर अपनी पत्नी एम गीता के साथ देहदान कर मानवता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। देहदान करने वाले मनोहर दंपत्ति ने प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी से संपर्क कर उनकी काउंसलिंग के पश्चात उन्ही के माध्यम से एम्स रायपुर के नाम चिकित्सा अध्ययन हेतु मरणोपरांत वसीयतें जारी की। नागरिक सहकारी बैंक सेक्टर-6 से सेवानिवृत देहदानी एम मनोहर का 28 अक्टूबर को जन्मदिन था, उनके साथ देहदान करने वाली उनकी पत्नी एम गीता सेवानिवृत शिक्षिका है जिन्होंने दशकों तक भिलाई के अनेक शासकीय स्कूलों में अपनी सेवाएं दी ! जन्मदिन के खास मौके पर देहदान की अनूठी पहल के बारे में मनोहर दम्पत्ति ने बताया कि, मृत्यु पश्चात् जिन्दा समाज की भलाई के लिए हम अपना शरीर दान करना चाहते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए प्रनाम संस्था के वर्षों से जारी अभियान से हमें प्रेरणा मिली, इसके लिए जन्मदिन से कोई और बढ़िया मौका नहीं हो सकता। देहदान के लिए मनोहर दंपत्ति ने एक दुसरे की वसीयतों में साक्षी उत्तराधिकारी रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर कर भावनात्मक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान प्रनाम के स्वयंसेवक पवन केसवानी के अलावा विशालदीप नायर और राजेश चौधरी ने भी विशेष सहभागिता प्रदान की!

### स्वच्छता अभियान के तहत डाक विभाग कर रहा अपने कार्यालय एवं परिसरों की साफ-सफाई

**रायगढ़।** माह अक्टूबर में पूरे भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। जिसके तहत पूरे देश में जगह-जगह पर स्वच्छता कैम्पनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अधीक्षक डाकघर रायगढ़ द्वारा भी स्वच्छता कैम्पनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा डाकघर प्रांगणों के साफ-सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें निर्धारित किए गए तिथियों में डाकघरों की साफ-सफाई का कार्य संबंधित कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा श्रमदान के माध्यम से ही किया जा रहा है।

जल शक्ति अभियान

# भारत सरकार के नोडल अधिकारियों ने किया जलग्रहण क्षेत्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। जल शक्ति अभियान के अंतर्गत केंद्र शासन द्वारा नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी एम. एल. शर्मा उपसचिव भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली तथा अजय कुमार सिन्हा सेंट्रल वाटर बोर्ड रायपुर द्वारा जल शक्ति अभियान, कैच द रैन अंतर्गत बालोद जिले में 26 से 29 अक्टूबर 2022 तक भ्रमण कर जिले में जल शक्ति अभियान एवं जल सरक्षण के तहत किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया।**



उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। विकासखंड गुंडरदेही, बालोद तथा गुरूर में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत कराए गए जल संवर्धन संरचना का अवलोकन किया। उन्होंने गुंडरदेही विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवगहन में स्टाप डैम, मोहंदीपाठ कोगनी में कुंआ निर्माण, बालोद में मड़वापथरा, मटिया बी में अमृत सरोवर कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गुरूर ब्लाक के बोरीदकला, ओड़ेनाडीह, खैरडिगी मिर्रीटोला में कराए गए जल संवर्धन संरचनाओं जैसे सोकपीट, रिचार्ज पीट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा नाले में बनाए गए लूजबोल्डर, गैबियन संरचना, चेक डैम, वृक्षारोपण, तालाब निर्माण हीरापुर एनीकट, तथा दर्रीटोला जलाशय का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय भ्रमण दल द्वारा ग्रामवासियों से भी चर्चा की गई ग्रामवासियों द्वारा जानकारी दी गई कि कार्य के पूर्व तथा पश्चात जल संवर्धन की स्थिति में परिवर्तन की जानकारी प्रदाय की गई। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि संरचना निर्माण से जल स्तर में बढ़ोतरी हुई है, तथा सिंचाई के रकबे में भी वृद्धि हुई है।

उन्होंने भ्रमण के दौरान रेस्ट हाउस में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागो को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर जल संसाधन विभाग के कार्यालय में जल शक्ति केंद्र की स्थापना कर जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार करने, जागरूकता कैंप लगाकर अमृत सरोवर को पूर्ण करने, ब्लाक स्तर पर वाटर कन्वर्जेशन प्लान तैयार कर उस पर कार्य करने तथा जल शक्ति अभियान के पोर्टल में निर्मित संरचनाओं की एंट्री पूर्ण करने निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका वास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता आर. के. खोब्रागढ़े, उपसंचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडे, जनपद पंचायत बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा तथा एस.डी.ओ. वन सिन्हा, जल संसाधन विभाग के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, सहायक संचालक कौशल उन्नयन विकास देशमुख, ए.पी.ओ. मनरेगा ओमप्रकाश साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** जिले में स्वीकृत सभी विभागों के निर्माण कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के साथ उन्होंने आज अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सड़क एवं वृहद पुल-पुलियों का निर्माण सहित जनपद पंचायतों एवं जिला निर्माण समिति द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया तथा जिन कार्यों में स्वीकृति मिल चुकी है, उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत परियोजना इकाई क्रमांक-01 कांकेर में 08 तथा परियोजना इकाई क्रमांक-02 भानुप्रतापपुर अंतर्गत 07 पुराने सड़कों की नवीनीकरण की स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई, जिसे तत्काल शुरू करने के लिए संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। इसके अलावा विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, स्कूल शिक्षा विभाग एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, गौण खनिज मद से स्वीकृत कार्यों तथा समग्र विकास योजना के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत कार्यों को दिसम्बर 2022 तथा वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कार्यों को मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिये गये। सेतु निर्माण संभाग द्वारा स्वीकृत वृहद पुलों जिसमें संवेदनशील क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत वृहद पुलों के निर्माण की भी समीक्षा की गई तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा किया तथा सभी गांवों में रोजगारमूलक कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें प्रारंभ करने के निर्देश दिये। जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कार्य स्वीकृत किया जाकर उनमें नियोजित श्रमिकों की जानकारी उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि जो भी जनपद पंचायत उत्कृष्ट कार्य करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री बघेल ने 'माटी के मितान' पुस्तक का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शाम अपने निवास कार्यालय में जैन संवेदना ट्रस्ट, रायपुर द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'माटी के मितान' का विमोचन किया। इसके लेखक श्री महेन्द्र कोचर और श्री विजय चोपड़ा हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं को समाहित करते हुए इस पुस्तक के प्रकाशन पर दोनों लेखकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।**




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसमें किसान, मजदूर, व्यापारी और आदिवासी तथा कमजोर वर्ग सहित सभी लोगों को आगे बढ़ने का भरपूर अवसर मिलने लगा है। इस दौरान लेखक द्वय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के साथ स्वालंबन का छत्तीसगढ़ मॉडल देश और दुनिया में चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनहित में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए महात्मा गांधी की अवधारणा ग्राम और ग्रामीण केन्द्रित अर्थव्यवस्था को मूर्त रूप देने जो कदम उठाए वह साकार होने लगा है। इस कड़ी में सुराजी गांव भी आकार ले रहा है और गांव-गांव में स्थापित गौठान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जीवंत केन्द्र के रूप में उभर रहा है। इस तरह गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार होने लगा है।

इस अवसर पर राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल और डॉ. राकेश गुप्ता तथा सर्वश्री गजराज पगारिया, सुपारस गोलछा, सुरेश भंसाली, हरख मालू, राजीव गुप्ता, हिरेन्द्र डागा, हरीश डागा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोरिया जिले की सड़कों के संधारण कार्य में आ रही तेजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कोरिया जिले में सड़कों के संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सड़कों की संधारण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। वनांचलों से घिरे कोरिया जिले में सड़कें आमजनों के लिए केवल पहुँच मार्ग ही नहीं बल्कि बेहतर भविष्य का रास्ता भी तैयार करने का माध्यम है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में आमजनों के आवागमन को सुलभ बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर, सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को साकार करने में सड़कों का प्रमुख योगदान है। पक्के रास्तों के सहारे इन क्षेत्रों तक बुनियादी आवश्यकताओं के पहुँचने से जिले में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बीते दिनों पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय और आरईएस विभाग की बैठक लेकर समय-सीमा में सड़कों के आवश्यक संधारण और नवीनीकरण कार्य किए जाने के सख्त निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में इन सभी विभागों द्वारा कार्यप्रगति में तेजी लाते हुए कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर लंगेह स्वयं जिले में चल रहे सड़कों के संधारण कार्य की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। विभागों को प्रतिदिन कार्य प्रगति की रिपोर्ट फोटो सहित साझा करने के निर्देश पूर्व में ही कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। विभागों से मिली रिपोर्ट अनुसार पीएमजीएसवाय द्वारा सोनहत में लटमा से रावतसरई तक 10 किलोमीटर बीटी नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसी तरह मंझराटोला से पत्थरगवां तक बीटी नवीनीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा बैकुंठपुर अंतर्गत चोटिया-बरदर-बैकुंठपुर-सोनहत-रामगढ़ सड़क पर बीटी नवीनीकरण, शंकरपुर-भंडारपारा सड़क पर ग्रानुलर सब-बेसकार्य, खरवत-जमनीपारा नाली निर्माण कार्य और विक्रमपुर-कर्री सड़क पर जीएसबी कार्य भी प्रगति पर है। सड़कों के संधारण कार्य के साथ ही कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। सोनहत के ही तंजरा में सीसी रोड निर्माण में मटेरियल कलेक्शन कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर लंगेह ने सभी योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत नवीनीकरण एवं संधारण कार्यों को शीघ्रता से और गुणवत्तापूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में अवैध धान के भण्डारण पर की गई कार्रवाई

**बालोद।** जिले में खरीफविपणन वर्ष 2022-23 के तहत् 01 नवम्बर 2022 से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो रहा है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मंडी अधिनियम के तहत् कार्यरत् अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा किसानों एवं अन्य माध्यमों से क्रय किए गए धान को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में विक्रय करने से रोकने के लिए अवैध धान के भण्डारण पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमलों द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार में जॉच की कार्रवाई की गई। जिसमें सुभाषचंद जैन से 160 क्विंटल धान, गौतम चंद जैन से 100 क्विंटल धान कुल 260 क्विंटल धान मंडी अधिनियम के तहत् जप्त कर कार्रवाई की गई।

























## खास खबर

### राजधानी में दो भाइयों ने मीडियाकर्मी को किया अधमरा, बीच बचाव करने आये युवक को भी मारा चाकू

**रायपुर।** राजधानी के बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बदमाशों का हौसला इस कदर बढ़ गया है कि अब वो मीडियाकर्मी पर भी हाथ उठाने से बाज नहीं आ रहे है। मामूली बात पर एक बदमाश ने अपने भाइयों के साथ मिलकर दोस्त से मिलने आये मीडियाकर्मी और एक अन्य युवक पर चाकू रॉड और डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में मीडिया कर्मी सहित दो लोग घायल हो गए, जिसके बाद दोनों घायलों खून से लथपथ हालात में कॉलोनी वालों की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। दरसअल, ये पूरा मामला मुजगहन थाना क्षेत्र के बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है। गुरुवार 27 अक्टूबर की शाम एक निजी वेबसाइट में पदस्थ मीडियाकर्मी (कैमरामैन) होरीलाल जायसवाल अपने दोस्त को दीपावली की बधाई देने के लिए बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आया हुआ था। इस दौरान चौक पर ही रिंकू नाम का बदमाश आया और बोला मैं यहां का भाई हूं 'रिंकु भाई' तू यहां कैसे आ गया। इतनी सी बात कहकर गाली गलौज करने लगा। इतने में होरीलाल ने उसे गाली देने से मना किया तो वो आक्रोशित हो गया और मुझे रोक रहा है कहते हुए मीडियाकर्मी पर हाथ मुक्के से मारपीट करने लगा। इस बीच अरोपी के दो भाई गोलू लहरी सहित कई लड़के मौके पर पहुंच गए और मीडियाकर्मी को जमीन में गिरकर पीटने लगे। विवाद होता देख कॉलोनी वाले बीच-बचाव के लिए सामने आए तो आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू, डंडे और रॉड से उन पर भी हमला कर दिया।

### शातिर ठग गिरफ्तार

# मुंगेली के शख्स से की थी फैक्ट्री बेचने की डील, एडवांस लेकर हुआ फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली में फैक्ट्री बेचने की डील कर शातिर ठग ने सवा करोड़ रुपए की ठगी की। मुंगेली के एक शख्स ने ठग के झांसे में आकर फैक्ट्री खरीदने की डील भी कर ली। इसके बाद लगभग सवा करोड़ का एडवांस ले लिया और घुमाने लगा। शख्स को समझ में आ गया कि वह ठगी का शिकार हुआ है। इसके बाद उसने मुंगेली के सरगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। सरगांव पुलिस ने आरोपी ठग को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।



मिली जानकारी के अनसुार रायपुर मोवा निवासी संजय अग्रवाल ने मुंगेली के रामबोड में वासुदेव ट्रेड लिंक के अलावा वे एक और स्पंज आयरन की फैक्ट्री वहां डालना चाहते थे। इस दौरान रामबोड में उसकी मुलाकात अनिल गुप्ता नाम के शख्स से हुई। अनिल गुप्ता खुद को स्पंज आयरन प्लांट अंसुल स्टील लिमिटेड कोल्हापुर का प्रॉपराइटर बताया और फैक्ट्री बेचने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद अनिल गुप्ता ने संजय अग्रवाल से 4 करोड़ 50 लाख रुपए में डील फाइनल कर ली।

इसके बाद अनिल गुप्ता को संजय अग्रवाल ने अलग-अलग किश्तों में 1 करोड़ 20 लाख रुपए एडवांस दिया। एडवांस लेने के बाद अनिल गुप्ता ने संजय अग्रवाल को घुमाना शुरू कर दिया। इस मामले में थाना सरगांव में 6 नवंबर 2020 को अपराध दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि अनिल गुप्ता ठग है और इस तरह पहले भी कई लोगों को ठग चुका है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। लगातार उसकी तलाश की जा रही थी।

इस दौरान साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेस हुआ। पुलिस को पता चला कि आरोपी अनिल गुप्ता दिल्ली में है। इसके बाद मुंगेली पुलिस की एक टीम दिल्ली पहुंची और आरोपी अनिल गुप्ता को रेडिएंट ब्लू होटल मयूर विहार फेज़-3 गिरफ्तार किया गया। यहां से उसे पटियाला हाउस कोर्ट में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड पर मुंगेली लाया गया। शनिवार को डीएसपी साधना सिंह ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इससे पहले उसने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 12 करोड़ 90 लाख व हैदराबाद में 1 करोड़ 65 लाख रुपए का ठगी की थी।

## मोहला में होटल व्यवसायी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या



**राजनांदगांव (ए)।** राजनांदगांव से अलग होकर बने नव निर्मित जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में एक होटल व्यवसायी युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। युवक की खून से लथपथ लाश शनिवार सुबह मिलने से हड़कंप मच गया। घटना मोहला थाना क्षेत्र के पानाबरस के पिपरखार रोड के पास की है। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है। फोरेसिंक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को भी घटना स्थल पर बुलाया गया है। लाश को अपने कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फोन पर मिली सूचना

पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की पहचान रोमन नेताम (31 वर्ष) के रूप में हुई है। युवक मानपुर का होटल व्यवसायी है। एसडीओपी अंबागढ़ चौकी अर्जुन कुर्रे ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि पिपरखार में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो वहां युवक का गला रेता हुआ शव मिला। उसकी शिनाख्त रोमन नेताम के रूप में हुई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि आपसी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## हत्या के बाद पत्नी की गुमशुदगी की दर्ज कराई थी रिपोर्ट चार साल बाद खुला राज, एक गलती से पकड़ाया आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की आरंग पुलिस ने एक ऐसी हत्या के केस का खुलासा किया है जिसकी किसी को उम्मीद ही नहीं थी। चार साल पुराने इस मामले में पुलिस को कंकाल के डीएनए टेस्ट ने आरोपी तक पहुंचाया। कंकाल एक महिला का था और आरोपी कोई और नहीं बल्कि उसका पति ही निकला। हत्या के बाद पति ने खुद थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुछ दिन तलाश के बाद पुलिस ने भी इस केस को पेंडिंग फाइल में डाल दिया था लेकिन अचानक इस केस में मोड़ आया। 4 साल पुराने इस हत्या का केस सुलझने की जानकारी रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने दी।



यह पूरा कांड 2018 का है। आरंग निवासी देवचंद कुर्रे ने थाने पहुंचकर अपनी पत्नी अनिता कुर्रे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी किसी को बताए बिना कहीं चली गई है। पुलिस ने भी इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और महिला की तलाश शुरू की। कुछ दिनों तक छानबीन होती रही लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद यह मामला धीरे-धीरे दब गया।

### कंकाल मिला तो केस में आया नया मोड़

गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के लगभग एक साल बाद आरंग पुलिस को ग्राम केशला की एक खदान में कंकाल मिलने की सूचना मिली। कंकाल मिलने के बाद पुलिस ने पुराने गुमशुदगी के केस खंगालने शुरू किए। फोरेंसिक टीम की जांच में यह बात सामने आई कि कंकाल किसी महिला का है। इस दौरान अनिता कुर्रे केस की फाइल को भी निकाला गया। पुलिस ने इस केस को फिर से जांच की और अनिता के परिजनों से को बुलाकर पूछताछ की गई। गुमशुदा अनिता कुर्रे के परिजनों ने कंकाल को देखकर उसके पास मिली चूड़ी आदी से कंकाल अनिता कुर्रे को होने की आशंका जताई।

इसके बाद पुलिस ने कंकाल का डीएनए टेस्ट कराने का निर्णय लिया। इसके बाद अनिता बाई कुर्रे की मां का सुमित्रा बंजारे का डीएनए सैम्पल लिया गया। डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद शव अनिता कुर्रे का होने की पुष्टि हो गई। इसके बाद पुलिस ने इस केस में परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि अनिता का उसके पति से विवाद होता था। अब पुलिस का शक उसके पति पर आकर टिक गया। पुलिस ने देवचंद कुर्रे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले तो वह गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना गुनाह कुबूल कर लिया।

### अवैध संबंध के शक में की थी हत्या

पुलिस पूछताछ में आरोपी देवचंद ने बताया कि उसने अपने भाई देवदास कुर्रे व साथी तेजराम चतुर्वेदी के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी का दूसरे से संबंध था इसलिए हत्या की। उसने बताया कि घटना दिनांक को उसने अपने दोस्त तेजराम को फोनकर एसयूवी लाने कहा। एसयूवी लेने के बाद उसने अपने भाई के साथ मिलकर अपनी पत्नी की कुल्हाडी मारकर हत्या की और दोस्त की एसयूवी में ले जाकर ग्राम केशला स्थित खदान में दफ्ना दिया। जब खदान में खुदाई शुरू हुई तो कंकाल बाहर आया और इस हत्याकांड का खुलासा हुआ।

## दो साल बाद पकड़ाया बदमाश, युवक को जान से मारने की थी कोशिश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने होटल में मारपीट कर जान से मारने की कोशिश कर फरार हुए आरोपी को दो साल बाद गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ2020 में अपराध दर्ज हुआ था और उसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को नेहरू नगर क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ा। सुपेला पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

इस संबंध में सुपेला पुलिस ने बताया कि घटना 2020 की है। होटल ग्राण्ड ढिल्लन नेहरू नगर के 7-वे पलोर पर रेस्टोरेंट में विवाद हुआ था। आरोपी प्रशांत सोनी अपने साथियों रौनक दुबे, फैज ईरानी, लक्की के साथ मिलकर युवक पर लोहे की कुर्सी एवं बियर की बोटलों से हमला किया था। इसके बाद सभी फरार हो गए थे। इस घटना से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में सुपेला पुलिस ने प्रशांत सोनी व उसके साथियों के खिलाफ धारा 307, 506, 323, 294, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

इस मामले में एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव गंभीर मामलों में फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आरोपी प्रशांत सोनी को मुखबिर की सूचना पर सुपेला पुलिस ने नेहरू नगर से गिरफ्तार किया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, सउनि रजनीकांत दीवान, राजेश सिंह, आरक्षक विकास तिवारी, जुनेद सिद्दीकी का विशेष योगदान रहा।

## भाई की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे इंजीनियर की हत्या




### नशे में लूटपाट के लिए रोका फिर पैसे छीनकर बेरहमी से मार डाला

**कोरबा।** भाई के शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे एक युवा इंजीनियर की शराब के नशे में लूटपाट और हत्या करने वाले आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना 2019 की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 30 अप्रैल 2019 को मानिकपुर चौकी क्षेत्र में दादर शराब भट्ठी के पास नाले के समीप बाइक सवार युवक प्रदीप भगत को दो आरोपियों ने पहले उससे पर्स, मोबाइल व अन्य समान को लूटा फिर मारपीट कर भाग निकले थे। प्रदीप भगत अपने भाई की शादी के कार्ड को बांट कर वापस घर आ रहा था। सूचना पर डायल 112 की टीम ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### आजीवन कारावास की मिली सजा

इस मामले में मानिकपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 397, 302, 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने रामपुर सिंचाई कॉलोनी में रहने वाले मनोज यादव, 28 वर्ष और जीतू टंडन 24 वर्ष को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायधीश संघपुष्पा भतपहरी के कोर्ट में चल रही थी। मामले की पूरी सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों ही आरोपियों को इसके लिए दोषी माना। दोनों ही आरोपी को धारा 397 के लिए 10 वर्ष की सश्रम कारावास व एक हजार का अर्थदंड और धारा 302 के अपराध में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा और 1000 रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों धाराओं की सजा एक साथ चलेगी।

## राजधानी में मिली नशीली टेबलेट की बड़ी खेप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शनिवार को पुलिस ने नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद की है। यहां के एक खाली प्लाट में बड़ी संख्या में नशीली दवाओं के होने की सूचना के बाद पुलिस पहुंची। मौके पर नशीली दवाओं की इतनी बड़ी खेप देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। मामला रायपुर के राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस को सूचना मिली कि अम्लीडीह सेंट जोसेफ स्कूल के पास खाली प्लॉट के पास बड़ी संख्या में दवाइयां पड़ी हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजेन्द्र नगर पुलिस ने जांच में पाया कि खाली प्लॉट में पड़ी सारी दवाइयां नशीली हैं। इन दवाओं को यहां किसने डंप किया इसकी जांच की जा रही है। बरामद दवाओं की कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

छठ पूजा

# तालाबों में उमड़ा आस्था का सैलाब



## हथवा में सोहे सबरंग बाती तोहे अरघ दिआय..

# व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । जो उदय होता है वह अस्त भी होता है,लेकिन महापर्व छठ हमें सीख देता है कि जो अस्त होता है वह उदय भी होता है। अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले महापर्व छठ का पूरा शहर साक्षी बना। यूपी और बिहारवासी अपने परिवार के साथ छठ घाट पहुंचे तो मिनी इंडिया को एक बार फिर सार्थक करते दूसरे समाज के लोग भी व्रतियों का साथ देने घाट तक पहुंचे। घरों के आंगन से लेकर छत तक व्रतियों ने अपनी पूजा पूरी की। रविवार को ट्विनसिटी में महापर्व छठ पर शाम को व्रतियों ने पहला अर्घ्य दिया।

### हथवा में सोहे सबरंग बाती तोहे अरघ दिआय..

आजु के लेले पहली अरघिया,त कालु भोरे जल्दी आई... कांच ही बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाए, होई ना बलम जी कहरिया, बहंगी घाट पहुंचाए जैसे लोकगीतों के बीच शाम डूबते सूरज को अर्घ्य देकर व्रती ने परिवार की सुख समृद्धि मांगी तो किसी ने संतान की कामना की। तो किसी ने मांग का सिंदूर मांगा। लोकगीतों के साथ कभी वे खुशी से झूमने लगी तो कई लोकगीत उन्हें भावुक भी कर गए। अब सोमवार सुबह दूसरा अर्घ्य देकर व्रती अपना व्रत पूरा करेंगे।

### दोपहर से लगी भीड़

शहर के तालाबों में दोपहर 3 बजे से ही छठ व्रती अपने परिवार के साथ पहुंचने लगे। वहीं तालाबों में पुलिस भी मुस्तैदी से तैनात रही। शाम करीब पांच बजे के बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने लोग तालाब में उतरे और पहला अर्घ्य दिया। ट्विनसिटी के 20 से अधिक तालाबों के किनारे मेले सा माहौल रहा। रंगबिरंगी लाइटों और आतिशबाजी के बीच तालाब में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### घर जाकर भरी कोसी

शाम को पहला अर्घ्य देकर कई घरों में व्रतियों ने कोसी भरी। जिसमें परिवार और आसपड़ोस के लोग शामिल हुए। सेक्टर 2 के सड़क 20 निवासी शशिप्रभा सिंह के घर कोसी भरी गई। उन्होंने बताया कि घर में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना कर कोसी भरी जाती है। कई जगह मन्नत पूरी होने पर भी कोसी भरने का रिवाज है।

### पहुंचे जनप्रतिनिधि भी

तालाबों में जनप्रतिनधियों के पहुंचने का दौर भी चलता रहा। विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, सांसद विजय बघेल, रिसाली महापौर शशि सिन्हास सहित कई जनप्रतिनिधि तालाब पहुंचे और लोगों से मिलकर उन्हें छठ पर्व की बधाई दी।

### घर-मोहल्ले में बनाया घाट

कोरोना के बाद से कई परिवारों ने घर मोहल्ले में ही घाट बनाकर पूजा करने का सिलसिला जारी रखा। इस बार सेक्टर 1 में पावर हाउस के सामने बने पार्क और सड़क 35 के पास स्थित गार्डन में 120 बाई 40 मीटर का स्वीमिंग पुल नुमा कुंड बनाया गया है। जिसमें 100 से ज्यादा व्रती ने अर्घ्य दिया।





सेक्टर-1 पार्क स्थित सूर्य कुंड में दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के परिवार ने पहुंचकर छठ पूजा की । इस दौरान एसपी पल्लव की माताजी ने डूबते सूर्य अर्घ्य देकर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। एसपी डॉ. पल्लव की मां छठ पर्व पर बीते 11 वर्षों से व्रत रख रही हैं। दुर्ग जिले में एसपी पल्लव की पदस्थापना के बाद भिलाई में इनके परिवार का यह पहली छठ पूजा है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था में लगे होने के कारण एसपी पल्लव परिवार के पास देर शाम पहुंचें और पूजा अर्चना की।

## पार्षद दया सिंह ने तालाबों में पहुंचकर छठ व्रत रखने वाली माताओं-बहनों को दी बधाई

भाजपा पार्षद दया सिंह ने छठ पर्व के अवसर पर खुर्सीपार कैंप , नेहरू नगर के अलग-अलग तालाबों का दौरा कर छठ व्रत रखने वाली माता और बहनों को शुभकामनाएं दी। दया सिंह कम से कम 10 से ज्यादा तालाबों का दौरा कर छठ की शुभकामनाएं दी और मां छठी मैया से शहर की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। दया सिंह एवम पार्षद चंदेश्वरी बांधे , वीणा चंद्राकर, गिरजा बंछोर, सरिता बघेल ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ की भव्यता लगातार बढ़ती जा रही है। आस्था के इस महापर्व के कुंभ में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। दया सिंह ने कहा कि शहर समेत प्रदेश की खुशहाली के लिए छठी मैया से आशीर्वाद मांगा है। दया सिंह ने बताया कि शहर के तालाबों की सफाई को लेकर कल अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। उसके बाद सफाई व्यवस्था पर नगर निगम की टीम ने ध्यान दिया। आने वाले समय में छठ महापर्व की भव्यता और भी ज्यादा देखने को मिलेगी।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950